हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

11 युवा ही राष्ट्र का नवनिर्माण करेंगे : स्वामी धर्मदेव



12 स्वयंसेवकों को सुनाई स्वतंत्रता संग्राम की वीर गाथा



## खबर संक्षेप

### बोलेरो कैंपर गाड़ी से 106 बोतल अवैध शराब बरामद

**हिसार।** अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए उकलाना पुलिस ने दौलतपुर-फरीदपुर रोड से एक बोलेरो कैंपर गाड़ी से 106 बोतल अवैध शराब बरामद करके एक व्यक्ति को काबू किया है। उसने अपना नाम खेदड़ निवासी सुरेश कुमार बताया। तलाशी लेने पर कैंपर गाड़ी से 8 बॉक्स और 10 बोतल कुल 106 बोतल अवैध शराब बरामद हुई।

### भैंस चोरी के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने ढंढूर गांव से भैंस चोरी के मामले में दूसरे आरोपित मोठ रागड़ान निवासी राजू को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही जोगिंदर सिंह ने बताया कि राजू व गांव ढंढूर निवासी गोलू ने अपने साथियों के साथ मिलकर 29 दिसंबर को एक पिकअप गाड़ी में गांव ढंढर से एक भैंस और तीन कटड़ी चुराई थी।

### हत्या प्रयास मामले में दो आरोपियों को पकड़ा

**हिसार।** अर्बन एस्टेट चौकी पुलिस ने कृष्णा नगर निवासी सिकंदर पर चाकू मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपियों क्रांति नगर निवासी अरुण और रमन उर्फ फिफडा को गिरफ्तार किया है। तीसरे आरोपित शिव उर्फ शिवा की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने आरोपित अरुण से वारदात में प्रयोग चाकू बरामद किया है।

### पंजाबी महापंचायत 14 को मनाएगी मकर संक्रांति

**हिसार।** पंजाबी महापंचायत कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक प्रधान शम्मी नागपाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि 14 जनवरी को राजगुरू मार्केट स्थित पंजाबी धर्मशाला में मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

### मथुरा-वृंदावन परिवारिक बस यात्रा 25 को

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर, हिसार व आसपास के भक्तों के लिए 25 जनवरी को मथुरा-वृंदावन पारिवारिक बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। समिति के सदस्य अमित गोयल व मुकेश गोयल ने बताया कि यात्रा में श्रद्धालु मथुरा-वृंदावन के मंदिरों के अलावा गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव व कोकिलावन में शनि मंदिर के दर्शन करेंगे।

### ग्रामीणों ने उठाया नेत्र जांच शिविर का लाभ

**हिसार।** विश्वास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा निकटवर्ती चार गांवों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। बड़वा, धिकतान, गुरेरा व गारनपुरा कलां में आयोजित शिविर में विश्वास अस्पताल के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने 390 ग्रामीणों की नेत्र जांच करके उन्हें उचित परामर्श दिया।

## पुलिस ने फैलाया जाल, देर रात 12 क्वाटर क्षेत्र से पकड़ी गई महिला

# नागरिक अस्पताल से नवजात बच्ची को चुराने वाली महिला को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार

जिले के नागरिक अस्पताल से मंगलवार दोपहर को नवजात बच्ची को चुराकर फरार हुई महिला को पुलिस ने तीन-चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शहर के 12 क्वाटर क्षेत्र से काबू कर लिया। पुलिस ने महिला के कब्जे से बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस पूछताछ करेगी कि आखिर बच्ची चुराने के पीछे महिला का क्या मकसद था। नागरिक अस्पताल से दिनदहाड़े बच्ची चुराने का मामला सामने आने के बाद जहां बच्ची के परिजनों का बुरा हाल था वहीं पुलिस प्रशासन भी सकते में था। मौके पर पहुंचे डीएसपी सत्यपाल यादव ने बताया कि अलग-अलग टीमें गठित करके बच्ची चुराने वाली महिला की तलाश की जा रही है। पुलिस प्रशासन की तलाश सफल भी रही और बच्ची चुराने वाली शातिर महिला को शहर में ही 12 क्वाटर क्षेत्र से दबोच लिया गया। पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस उक्त महिला से पूछताछ करेगी कि आखिर बच्ची चुराने के पीछे उसका क्या मकसद था। पुलिस पता लगाएगी कि कहीं महिला के तार बच्चे चोरी करके बेचने वाले किसी गिरोह से तो जुड़े हुए नहीं है।

- पुलिस ने महिला के कब्जे से बच्ची को सकुशल बरामद किया



हिसार। बच्ची मिलने के बाद खुश नजर आती मां।

मामले के अनुसार नागरिक अस्पताल से मंगलवार दोपहर को को एक महिला नवजात बच्ची चुराकर फरार हो गई थी। उक्त महिला ने बच्ची की मां से बच्ची को खिलाने के लिए लिया था।बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश बागपत जिले की गुलिष्ता हिसार में ईंट भट्ठे पर काम करती है। सोमवार रात को नागरिक अस्पताल में उसने बच्ची को जन्म दिया था। मंगलवार दोपहर को एक महिला मेटरनिटी वार्ड में घूम रही थी। रूम में उसने किसी महिला से बच्चा खिलाने के लिए मांगा लेकिन उसने मना कर दिया। गुलिष्ता ने बताया कि इसके बाद वह उसके पास आ गई। उसने खिलाने की बात कहकर उससे बच्ची ले ली। इसके बाद उसे नहीं पता चला कि महिला कब बच्ची को लेकर निकल गई। जब उसे महिला और बच्ची दिखाई नहीं दी तो उसने वार्ड में स्टाफ को सूचना दी। इसके बाद उसके परिवार के अन्य सदस्य भी आ गए और उन्होंने बच्ची चोरी होने की बात कहते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

### पुलिस ने बनाई थी टीमें

*डीएसपी सत्यपाल यादव ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में एक महिला बच्ची को ले जाती हुई दिखाई दे रही है। उन्होंने पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित करके उन्हें बच्ची की तलाश में जुटाया।*

### इन जगहों पर रहा ध्यान

डीएसपी सत्यपाल यादव ने बताया कि महिला ने शातिराना ढंग से बच्ची को चुराया है। सीसीटीवी के सामने आने पर उसने चेहरा ढकने का प्रयास भी किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीमें गठित करके रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड सहित कई अन्य स्थानों पर महिला को तलाशा गया।

### सीसीटीवी कैमरे खंगाले

बच्ची चोरी होने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद डीएसपी सत्यपाल यादव व शहर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और पूछताछ की। दोनों अधिकारियों ने अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सीसीटीवी फुटेज में एक महिला अपनी गोद में बच्ची को छिपाकर ले जाती हुई दिखाई दे रही है। फुटेज के अनुसार देखा जाए तो बच्ची को ले जाने वाली महिला आजकल की तकनीक से भी वाकिफ दिखाई दे रही है। जैसे ही वह सीसीटीवी कैमरे के सामने आई, उसने अपना मुंह शॉल से ढक लिया और निकल गई।

## वाट्सअप कॉल करके मांगी दो लाख रुपये की रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार

- घर के आगे आकर महिलाओं पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास

अग्रोहा थाना के गांव कालीरावण में वट्अप कॉल करके गांव के एक युवक से दो लाख रुपये रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। रंगदारी मांगने वाला भी गांव का ही बताया जा रहा है। रंगदारी मांगने की सूचना पुलिस को दी गई है।

शिकायत में कालीरावण गांव के रामचन्द्र ने मंगलवार को बताया कि रविवार को रात के समय वह अपने घर पर था। रात समय 9 बज कर 3 मिनट पर उसके पास उसके फोन पर वॉट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम कालीरावण का ही कुलदीप बताया। फिर उसने कॉल करके उससे दो लाख रुपए की रंगदारी मांगी। उसने कॉल करने वाले को रुपए देने से मना कर दिया।

फिर आरोपित ने बार-बार कॉल करके पूछा कि वह कहां पर है, मै तेरे घर पर ही आता हूं और तेरे घर को ताला लगाकर बंद कर दूंगा। फिर वो थार गाड़ी लेकर उसके घर के आगे आया और काफी देर तक हॉर्न बजाए। गाड़ी का हॉर्न सुनकर उसकी पत्नी और चाची गेट खोलकर बाहर गई तो उसने उसकी पत्नी और चाची को गाली दी। उसकी पत्नी और चाची ने गाड़ी सवार युवक और उसके साथ बैठे उसके सहयोगी को बोला कि गाड़ी से नीचे आकर बात करो क्या बात है। तभी आरोपित ने गाड़ी को आगे पीछे लेकर उसकी पत्नी और उसकी चाची के ऊपर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। शिकायतकर्ता ने बताया कि शोर शराबा सुनकर जब वह भागकर बाहर गया तो फिर उसने गाड़ी सवार युवक को गाड़ी से नीचे उतारने की कोशिश की। तब उसने गाड़ी भगा ली। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपित द्वारा दी गई धमकी और गाली की रिकॉर्डिंग उसके फोन में है।

## अवैध निमार्णों पर चला पीला पंजा

**हिसार।** शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माणों पर मंगलवार को जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने पीला पंजा चलाया। इसके तहत राजगढ़ रोड पर एक शराब की दुकान, एक चारदीवारी और एक मकन को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा कैमरी से तोशाम रोड पर स्थित लगभग 15 एकड़ क्षेत्र वाली राम विहार और अन्य अनधिकृत कॉलोनियों की मिट्टी की सड़क नेटवर्क, सीमा दीवार को भी ध्वस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा ने नागरिकों से अनधिकृत निर्माण न करने की अपील की है।



नारनौंद। बिजली मीटरों को बाहर निकालने के विरोध एकत्रित हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## घरों के बाहर बिजली मीटर लगाने का हैबतपुर में विरोध

- बैरंग लौटी बिजली निगम की टीम

**नारनौंद।** प्रदेश सरकार की जगमग योजना का गांव हैबतपुर में भारी विरोध देखने को मिल रहा है। जगमग योजना के तहत बिजली निगम द्वारा घरों के बाहर बिजली के मीटर लगाए जा रहे हैं। इसके विरोध में मंगलवार को सैंकडों ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीण बिजली मीटर घरों के बाहर नहीं लगाए जाने पर अड़ गए और घरों से बिजली मीटर नहीं हटाने दिए। बिजली निगम की टीम गांव में घरों से बाहर मीटर लगाए बिना ही बैरंग वापिस लौट गई। ग्रामीणों ने बिजली निगम के एसडीओ को एक पत्र लिखकर कहा है कि पूरे गांव ने एकत्रित होकर यह फैसला लिया है कि वह किसी भी सूरत में बिजली के नए डिजिटल मीटर नहीं लगने देंगे। अगर बिजली निगम के कर्मचारियों द्वारा कोई जोर जबरदस्ती की गई तो ग्रामीण उसका विरोध करेंगे। कोई घटना घटती है तो उसका जिम्मेवार बिजली निगम व प्रशासन होगा।

### यूपीआई के माध्यम से 75 हजार की ठगी मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** यूपीआई के माध्यम से 75 हजार की ठगी के मामले में साइबर थाना टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें राजस्थान के सीकर पवन कुमार और चूरू निवासी रामसिंह उर्फ राम शामिल है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह चंडीगढ़ स्थित एक कंपनी में काम करता है और हिसार स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में उसका अकाउंट है जिसे वह प्रयोग करता है। पिछले वर्ष 10 दिसंबर को शिकायतकर्ता ने बैंक अकाउंट चेक किया तो उसने पाया कि उसके अकाउंट से अलग अलग तारीख को की गई तीन ट्रांजेक्शन में 75 हजार रुपए अलग अलग बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए गए है। इसके बारे में शिकायतकर्ता ने नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत की। एएसआई राजाराम ने बताया कि पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पीड़ित के अकाउंट से ट्रांसफर की गई धनराशि पवन कुमार के बैंक अकाउंट में गई। साथ ही पवन कुमार दूसरों की आईडी पर खुलवाए गए बैंक खाते दूसरे आरोपी रामसिंह को उपलब्ध करवाता था जिन्हें रामसिंह लेन देन के लिए उपयोग करता था। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया, जहां से पूछताछ के लिए उन्हें तीन दिन के रिमांड पर भेज दिया गया।

## एसडीएम ने मेन रोड का किया दौरा

- अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों व रेहडी वालों को दिए जाएंगे नोटिस : एसडीएम
- नो पार्किंग में खड़े वाहनों की हवा निकलवाई

हरिभूमि न्यूज ⏩बरवाला

एसडीएम बरवाला विजया मलिक द्वारा शहर के दुकानदारों व रेहड़ी संचालकों द्वारा मेन रोड पर निर्धारित सीमा से आगे अपना सामान रख कर अतिक्रमण पर संज्ञान लेते हुए मंगलवार को औचक दौरा किया गया। इस दौर में थाना प्रभारी बरवाला इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

इस दौरे में मेन रोड पर नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े किए कई वाहनों के टायरों की हवा निकाली गई। अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों व रेहडी वालों को अपना सामान निर्धारित सीमा में रखे जाने बारे दिशा निर्देश दिए गए। एसडीएम बरवाला विजया मलिक ने कहा कि मेन रोड न बनने की वजह से मेन रोड काफी संकुचित व तंग क्षेत्र बना हुआ है। मेन रोड पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों व रेहडी वालों को अतिक्रमण ना करने को लेकर दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। फिर भी ये दुकानदार व रेहडी वाले अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं तो उनको नोटिस दिए जाएंगे और चालान काटे जाए गए।



बरवाला। एसडीएम बरवाला विजया मलिक मेन रोड का दौरा करते हुए।

### हांसी पुलिस के 14 सिपाही बने मुख्य सिपाही

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने मंगलवार को हांसी पुलिस के 14 सिपाहियों को पदोन्नत कर मुख्य सिपाही बनाया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस लाईन में तैनात सिपाही मनोज कुमार, प्रदीप कुमार, महिला सिपाही सुषमा, महिला थाना में तैनात महिला सिपाही मोनी रानी, थाना सदर में तैनात सिपाही विजय, अपराध शाखा में तैनात सिपाही जयसिंह, खेड़ी चौपटा चौकी में तैनात सिपाही नरेन्द्र, राजपाल, अस्थाई ड्यूटी पर तैनात सिपाही प्रमोद, सुभाष चन्द्र व कार्यालय पुलिस अधीक्षक हांसी में तैनात सिपाही सुरेन्द्र कुमार, कुलदीप सिंह, संजय तथा प्रदीप कुमार को मुख्य-सिपाही के पद पर पदोन्नत किया गया है।

## ओपीएस बहाली की मांग पर भूख हड़ताल पर बैठे रेल कर्मी

- सरकार पर कर्मचारियों के साथ दोगली नीति अपनाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार

सरकार की रीढ़ कहलाने वाले कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर पिछले लंबे समय से संघर्षरत है तथा विभिन्न तरीकों से रोष जाहिर कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सरकार को चेताने का प्रयास कर चुके है, लेकिन सरकार के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही। सरकार के कर्मचारियों की मांगों के प्रति अनदेखे रवैये से नाराज तथा पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों द्वारा हिसार के रेलवे रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को एक दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठकर धरना शुरू किया गया। इस मौके पर दिनेश कुमार, सतीश शर्मा, अमित, सोमवीर, हरकेश जोगी आदि शामिल रहे।



हिसार। ओपीएस की मांग पर धरने बैठे रेल कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### पड़ाव चौक क्षेत्र में एमआरएफ सेंटर के खिलाफ मुखर हुए लोग

**हिसार।** पड़ाव चौक क्षेत्र में नगर निगम की ओर से बनाए जा रहे एमआरफ सेंटर के विरोध में इस क्षेत्र के निवासी मुखर हो गए हैं। उन्होंने निगम के इस प्रोजेक्ट का विरोध करने का ऐलान किया है। इस संबंध में पड़ाव चौक क्षेत्र निवासियों ने मंगलवार को बैठक की। बैठक में युवाओं की तरफ से डॉ. सुमित गुर्जर, प्रदीप हाकला उर्फ पीना गुर्जर, कृष्ण माहसी, नरेश लोहमरोड ने कहा कि इस एमआरएफ सेंटर से पहले हमें स्वास्थ्य केंद्र, व्यायामशाला, लाइब्रेरी, सीनियर सिटीजन क्लब की आवश्यकता है। यही नहीं, यहां पर 500 मीटर से भी कम दूरी पर पहले से ही एक एमआरएफ सेंटर चल रहा है। क्षेत्र में इनमें से कोई सुविधा आज तक नहीं दी गई लेकिन अब कूड़ा प्रोजेक्ट दिया जा रहा है, जिसका विरोध किया जाएगा। इस मसले पर 11 जनवरी को फिर से बैठक होगी।

### 30 तोले सोना व हजारों की नकदी लूटी

**हिसार।** अर्बन एस्टेट एरिया में लूट की बड़ी वारदात हुई। बदमाशों ने एक बुजुर्ग का मुंह दबाकर घर से करीब 30 तोले सोने तथा हजारों की नकदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर डीएसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया और घटना के बारे में जानकारी ली।पुलिस को दी शिकायत में अर्बन एस्टेट में रहने वाले विजयपाल ने बताया कि उसके परिवार में शादी है उसके चलते परिवार के सभी सदस्य गांव में गए हुए थे। सोमवार की रात्रि घर में केवल उसका बुजुर्ग पिता ही मौजूद था। शिकायतकर्ता का कहना है कि तीन चार युवक आए और उन्होंने उसके पिता का मुंह दबोचा लिया। इसके बाद बदमाश घर में रखा करीब 30 तोले सोना और 60000 की नकदी लूटकर फरार हो गए।घटना के बाद उसका पिता बेसुध हो गया और होश आने पर सुबह उन्होंने मामले की जानकारी परिवार को दी। फिलहाल पुलिस ने मामले की गहनता से छानबीन शुरू कर दी है।

## महाबीर स्टेडियम में लड़के तथा लड़कियों की प्रतियोगिता का समापन

# नेशनल स्कूल हैंडबाल स्पर्धा में हरियाणा बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार

महाबीर स्टेडियम में चल रही 67वीं नेशनल स्कूल हैंडबाल अंडर-19 लड़के व लड़कियों के वर्ग में हरियाणा चैंपियन बना है। मंगलवार को हुए सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबलों ने हरियाणा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करके जीत हासिल की। विजेता खिलाड़ियों को समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के दौरान मंगलवार सुबह लड़कों के वर्ग के सेमीफाइनल मैच खेले गए। इनमें पंजाब ने राजस्थान को व हरियाणा ने बिहार को पराजित किया। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच में राजस्थान व बिहार के मध्य मैच हुआ, जिसमें राजस्थान विजेता रहा। फाइनल मुकाबला हरियाणा व हरियाणा व पंजाब के बीच हुआ, जिसमें हरियाणा की टीम विजेता बनी। लड़कों के वर्ग में हरियाणा प्रथम, पंजाब द्वितीय, राजस्थान तृतीय व बिहार चौथे स्थान पर रहा।

***हरियाणा व हिमाचल के बीच हुआ फाइनल मुकाबला:*** इसी तरह लड़कियों के मुकाबलों में भी हरियाणा ने बाजी मारी। इसमें सेमीफाइनल पहला मैच हरियाणा व महाराष्ट्र के बीच हुआ, जिसमें हरियाणा ने जीत हासिल की। दूसरे मुकाबले में हिमाचल प्रदेश ने बिहार को, तीसरे मुकाबले में बिहार ने महाराष्ट्र को पराजित किया।

फाइनल मुकाबला हरियाणा व हिमाचल के बीच हुआ, जिसमें हरियाणा ने जीत हासिल की। लड़कियों के वर्ग में हरियाणा प्रथम, हिमाचल द्वितीय, बिहार तृतीय व महाराष्ट्र चौथे स्थान पर रहा। विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।




हिसार। हरियाणा की विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग। फोटो : हरिभूमि

## मांगों को लेकर जिलेभर के पटवारी और कानूनगो ने सातवें दिन भी जारी रखा धरना

- आंदोलन के कारण आम जनता को हो रही परेशानी के लिए सरकार जिम्मेवार : आजाद सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार

दि रेवेन्यू पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन जिला हिसार द्वारा मांगों को लेकर मंगलवार को भी सांकेतिक कार्य बहिष्कार करते हुए जिला मुख्यालय पर सातवें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरना की अध्यक्षता जयसिंह कानूनगो हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने की तथा मंच का संचालन उप प्रधान गुरुदेव व पूर्व सचिव बलबीर झाझड़िया ने किया।

एसोसिएशन के जिला प्रधान आजाद सिंह बिश्नोई ने बताया कि पटवारी व कानूनगो की मांगें पिछले काफी समय से लंबित हैं, जिसमें मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार जनवरी 2016 से 32100 रुपए वेतनमान लागू किया जाए, प्रदेश में पटवारियों के रिक्त पड़े पदों को स्थाई भर्ती से भरा जाए, ट्रेनिंग को ड्यूटी समय में शामिल किया जाए, पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाए, जब तक नई भर्तियां नहीं होती तब तक जिस पटवारी को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है उसे अन्य राज्यों की तर्ज पर वेतन व भत्ते दिए जाएं आदि मांगें प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि धरने के सात दिन बाद भी हठधर्मी सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है।

उन्होंने कहा कि आंदोलन के चलते आम जनता की दिन प्रतिदिन बढ़ रही परेशानी के लिए सरकार पूर्ण रूप से जिम्मेवार है। धरने में रिटायर्ड तहसीलदार होशियार सिंह जांगड़ा, कानूनगो राम सिंह, कृष्ण लाल, धर्मपाल कानूनगो व राजकुमार सहित जिले के समस्त पटवारी व कानूनगो उपस्थित रहे।



हिसार। धरना के दौरान प्रदर्शन करते पटवारी व कानूनगो। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### सब तहसील कार्यालय से बैंटरियां चोरी

**यमुनानगर।** गांव सलेमपुर निवासी मनीत शर्मा ने बताया कि वह सब तहसील कार्यालय साढौरा में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी करता है। पांच जनवरी को वह कार्यालय बंद करके घर चला गया था। सुबह नायब तहसीलदार के रीडर का फोन आया कि तहसील कार्यालय का दरवाजा टूटा पड़ा है।जांच करने पर तहसील कार्यालय से 16 बैंटरियां गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### इंद्र इंटरप्राइजिज फैक्टरी से लाखों के तार चोरी

**यमुनानगर।** जय सिटी जगाधरी निवासी संदीप कुमार ने बताया कि उसकी बाढ़ी माजरा गधौली का माजरा में इंद्र इंटरप्राइजिज के नाम से फैक्टरी है। सात जनवरी की रात को चोरों ने उसके फैक्टरी से बायलर, पैनल, फिल्म फेस ड्रायर, केटल की तारें चोरी कर ली। जिसकी कीमत करीब सात लाख रुपये है।

### नागरिकों को मिल रहा लाभ

**नारायणगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन गांव मुन्नामाजरा तथा बाकरपुर में किया गया। इस अवसर निगरानी समिति के पूर्व चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली ने 2047 तक भारत को पूर्ण 'विकसित और आत्मनिर्भर' राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई।उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए बिचौलियों को खत्म करने का कार्य किया है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि योजनाओं का सीधा लाभ नागरिकों तक पहुंचे।

### कार की टक्कर से युवक की मौत

**पानीपत।** हरिद्वार हाईवे पर कार की टक्कर लगने से 19 वर्षीय मोहित निवासी गांव अबदान नगर हुलानी जिला शामली, उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। मोहित के पिता जसबीर की शिकायत पर थाना सनौली खुर्द पुलिस ने अज्ञात कार के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है।

# फौज से रिटायर कैप्टन मेवा सिंह ने पेश की जज्बे की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। गांव का निरीक्षण करते स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र। फोटो : हरिभूमि

- गांव को बनाया सबसे स्वच्छ, शहर की तर्ज पर गांव में है सीवरेज सिस्टम

कहते हैं कि जब इंसान ठान ले तो सब कुछ कर सकता है। ऐसी ही एक जज्बे और हौसले की मिसाल पेश की है कुरुक्षेत्र के डेरा कुंदनपुर लुखी के निवासी कैप्टन मेवा सिंह ने जिन्होंने अपनी मिट्टी का कर्ज चुकाने के लिए गांव का पूरा हुलिया बदल दिया। एक और जहां ग्रामीणों को विकास कार्यों के लिए सरकार की ओर देखना पड़ता है, लेकिन इन्होंने अपने दम पर गांव को न केवल सबसे साफ सुथरा बनाया बल्कि शहर की तर्ज पर सीवरेज व्यवस्था का निर्माण करके लोगों को बीमारियों की चिंता से भी मुक्त करने का काम किया है।

कैप्टन मेवा सिंह के द्वारा किए गए इन कार्यों की गूंज जब स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र तक पहुंची तो उन्हें भी यह गांव देखने की इच्छा जागृत हुई और मुख्यमंत्री का स्वच्छता संदेश लेकर वह मंगलवार को कैप्टन मेवा सिंह के डेरा कुंदनपुर लुखी में पहुंचे जहां उन्होंने सबसे पहले स्थानीय गुरुघर में शीश नवाया। उसके बाद उन्होंने गुरुद्वारा प्रांगण में ग्रामीणों के साथ गांव पर चर्चा की। इस दौरान उनके साथ जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी अशोक मुंजाल व सरपंच प्रतिनिधि जसविंदर सिंह भी मौजूद रहे। गांव का निरीक्षण करने के दौरान सुभाष चंद्र ने पाया कि गांव में कहीं भी गंदगी का नामोनिशान नहीं था और गांव की तरह नालियां भी यहां नजर नहीं आई। पूरे गांव में सीवरेज सिस्टम को देखकर वे गांव की तारीफ किए बिना नहीं रह सके। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश के सभी लोग ठान लें तो वह भी अपने गांव को शहर जैसा विकसित बना सकते हैं। जरूरत है केवल आगे बढकर एक कदम उठाने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब स्वच्छ भारत मिशन अभियान शुरू किया तो उस समय किसी को यह पता नहीं था कि यह अभियान एक दिन जन आंदोलन बन जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन एक आमजन का मिशन है इसे गैर सरकारी बनाना ही हमारा मकसद है। कैप्टन मेवा सिंह ने जो कार्य किया है वह औरों के लिए एक उदाहरण है।

### गांव में एक आधुनिक लाइब्रेरी बनाने का सपना

वहीं कैप्टन मेवा सिंह ने बताया कि वे जब गांव में थे तो गंदगी और खुली नालियां देखकर उनका मन करता था कि यहां भी शहर की तरह स्वच्छता और सीवरेज व्यवस्था हो। उन्होंने ठान लिया की वह इसको हरियाणा का एक सबसे सुंदर और स्वच्छ गांव बनाएंगे। बस फिर क्या था उन्होंने गांव के लोगों के साथ मिलकर गांव की तस्वीर को बदलने का काम शुरू कर दिया। बिना किसी सरकारी मदद के उन्होंने गांव में विकास के साथ-साथ लोगों की सोच को भी बदला। आज उनके मेहनत और जज्बे की बदौलत यह गांव कुरुक्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रदेश के एक सबसे सुंदर और स्वच्छ गांव के रूप में चमक रहा है। उन्होंने कहा कि अब उनका सपना गांव में एक आधुनिक लाइब्रेरी बनाने का है जहां बच्चे आईएएस और आईपीएस की तैयारी कर सकें। सीईओ जिला परिषद अशोक मुंजाल ने कैप्टन मेवा सिंह के जज्बे की तारीफ करते हुए कहा की गांव में जो भी विकास कार्य बाकी है उन्हें पूरा करने का भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने यहां पर लाइब्रेरी और स्ट्रीट लाइट के लिए भी प्रस्ताव मांगा है।

### पहले की देश सेवा अब समाज सेवा

डेरा कुंदनपुर लुखी गांव के हर घर से एक फौजी है। कैप्टन मेवा सिंह खुद भी सेना से रिटायर है और अब उनका सपना अपने गांव को शहर की तर्ज पर विकसित करने का है। इसी सपने को लेकर उन्होंने करीब 10 साल पूर्व गांव में सुधार कार्य शुरू किया। सबसे पहले उन्होंने गांव के लोगों को इक_ा कर उन्हें स्वच्छता का महत्व बताया और फिर सबको साथ लेकर इस को एक मॉडल विलेज बना डाला। इस डेरे में करीब सवा सौ घर है। यही नहीं कैप्टन मेवा सिंह ने अपनी जमीन देकर गांव में गुरुद्वारा, तालाब, कचरा घर और शमशान भूमि का निर्माण भी कराया है। अब गांव के अधिकतर बच्चे विदेश में सेटल हैं। विदेश से भी गांव के बच्चे आर्थिक मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। यही कारण है कि कम जमीन और ना के बराबर बजट होते भी ये गांव प्रदेश में एक मिसाल बन गया है।

# सफाई को लेकर नगर निगम ने अदालत में जमा की रिपोर्ट

## जांच में शिकायत नंबर नौ डिजिट के निकले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

- निगम की हरकत पर अदालत नाराज, अब 12 को करना होगा जवाब दाखिल, सफाई को लेकर मुसीबत में फंसे हैं अधिकारी

शहर की सफाई का मुद्दा नगर निगम के अफसरों के गले की फांस बन गया है। इस मामले में बीते रोज निगम की ओर से अदालत में जवाब दायर किया। मगर निगम की ओर से फिर ऐसी हरकत हो गई जिससे अदालत भी नाराज दिखी। निगम ने कोर्ट में जो जवाब दाखिल किया है उसमें कूड़े की शिकायत को लेकर दिए गए मोबाइल नंबर ही गलत पाए गए। दो मोबाइल नंबर दिए गए थे लेकिन दोनों मोबाइल नंबर 9 डिजिट के हैं। ये मोबाइल नंबर 899985446 व 899985447 बताए गए हैं। रिपोर्ट में ये नंबर जानबूझकर तो नहीं दिए गए इस पर अब 12 जनवरी को सुनवाई होगी।

### रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश

नगर निगम के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि कूड़े की शिकायत के संबंध में 9 फरवरी 2023 को शिकायत सेल स्थापित की गई थी। कूड़े की शिकायत के लिए लैंड लाइन, मोबाइल नंबर और ईमेल सार्वजनिक किए हुए हैं। ये भी बताया था कि एजेंसी पर कूड़े की शिकायतों के निपटान न करने की एवज में 7 लाख 20 हजार का जुर्माना भी किया है। निगम के इस जवाब को देखते हुए कोर्ट ने अटैच किए वाहनों को अगले आदेशों तक रिलीज कर दिया था।अब कोर्ट ने निगम से एजेंसी के साथ किए 19 दिसंबर 2022 के अनुबंध के तहत बिंदु 6,8,11 व 12 के अनुपालन के संबंध में रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। इसमें एजेंसी के डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की प्रक्रिया, कूड़े के सेग्रीगेशन, ट्रांसपोर्टेशन एवं डिस्पोजल के साथ मैन पॉवर, रिर्सोस एवं टेक्नोलॉजी और मशीनों की स्थिति आदि के बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है।

# कड़ाके की ठंड से छुटी लोगों की कंपकंपी

## बर्फीली शीतलहर के चलने से जन-जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

पिछले दस दिन से जिले में दिन भर बर्फीली हवाओं के चलने और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने के साथ दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में कड़ाके की ठंड का प्रकोप बढ़ने से लोग परेशान हो उठे हैं। कड़ाके की ठंड ने जहां लोगों की कंपकपी छुटा रखी है, वहीं, फसलें भी कोहरे से प्रभावित होने लगी हैं। आलम यह है कि दिन भर लोग अलाव जलाने और गर्म कपड़ों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। वहीं, फसलों कोहरे से बचाने के लिए किसान उनमें सिंचाई और दवाइयों का स्प्रे करने लगे हैं।

### दस दिन से नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने की वजह से पिछले दस दिन से जिले में सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए हैं। मंगलवार को लोगों को उम्मीद थी कि सूर्यदेव के दर्शन होंगे और ठंड के कहर से कुछ राहत मिलेगी। मगर दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए और आसमान में धुंध के बादल छाए रहने के साथ बर्फीली हवाएं चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। सब्जी उत्पादक किसान कृष्ण व मंशा राम का कहना है कि आलू की फसल के पत्ते पाला पड़ने से झूलसने लगे हैं। जिससे फसल की पैदावार कम होने के आसार बन गए हैं।



यमुनानगर। घना कोहरा पड़ने से प्रभावित हुई आलु की फसल। फोटो : हरिभूमि

### निमोनिया, खांसी व जुखाम से पीड़ित होने लगे लोग

मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग निमोनिया, खांसी व जुखाम आदि बीमारियों से पीड़ित होने लगे हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक ठंड में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि जरूरी है तो गर्म कपड़े लपेट कर ही बाहर निकलें। इस दौरान पानी को गर्म करके पीएं और ठंडी वस्तुओं के खाने से परहेज करें।

### लोग घरों में दुबकने पर मजबूर

- धुंध के कारण यातायात हुई प्रभवित



**कुरुक्षेत्र।** पिछले कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड से आमजन का जीना मुहाल हो गया है। कई दिनों से लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। जिससे ठंड लोगों को जमकर परेशान कर रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को ठंड के साथ धुंध भी रही। इ स का सीधा असर यातायात पर देखने को मिला। तेज रफ्तार में दौड़ने वाले वाहन रेंगते हुए नजर आए। सुबह के समय भी वाहन चालक हेड लाइट जलाकर चलते नजर आए। लेकिन धुंध का असर कम होने का नाम नहीं ले रहा था। शहरी क्षेत्र के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र में धुंध का प्रभाव अधिक देखने को मिला। धुंध ने लोगों को जमकर परेशान किया। विशेषज्ञों के अनुसार रबी की फसल को बढ़ने के लिए धुंध व ठंड की आवश्यकता होती है। फिलहाल का मौसम फसलों के अनुकूल है। जिससे कि किसानों के भी चेहरे खिले हुए हैं। ठंड में स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने की जरूरत है। नागरिक अस्पताल के सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने ठंडे पेय पदार्थ का सेवन ना करने, हल्का गर्म पानी पीने, पूरी शरीर को कपड़ों से ढकने जैसी सावधानी बरतने की सलाह दी है। पिछले 10 दिन से कड़ाके की ठंड के साथ कोहरा भी पड़ रहा है। सूर्य भी नहीं दिखाई दे रहा है। आकाश में दिनभर बादलवाई बनी रहती है। पूर्व से चली ठंडी हवा से से जनजीवन पर काफी असर पड़ा। लोग घरों में दुबकने पर मजबूर रहे।

# प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने निगली जहरीली दवाई, मौत

- पीड़ति महिला की शिकायत पर 5 के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा

उपमंडल के गांव बाखली में रहने वाली महिला से मारपीट कर उसे कमरे में बंद रखने से क्षुब्ध महिला द्वारा कोई जहरीली दवाई पी लेने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस संदर्भ में पीड़ित महिला की शिकायत पर उसके परिवार के 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसकी वस्तिृत जानकारी देते हुए केस के आई.ओ.ए.एस.आई.सतीश कुमार ने बताया कि गत दिवस उन्हें सूचना मिली थी कि गांव बाखली निवासी महिला नन्ही देवी ने परिजनों की प्रताड़ना से तंग आकर कोई जहरीली दवाई पी ली है। जिसे पिहोवा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां पर उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कैथल के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया था। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पीड़ित महिला के बयान कलमबद्ध करवाए। जिसमे महिला ने कहा कि उसके परिजनों ने उसे घर के अंदर नहीं घुसने दिया। इतना ही नहीं उन्होंने सड़क पर ही उससे बुरी तरह से मारपीट की और उसे कमरे में बंद कर दिया, ताकि व भाग न सके। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया हैं।

### उपचार के दौरान हुई मौत

*इस बारे बात करने पर केस के आई.ओ.ए.एस.आई. सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ति महिला की आज उपचार के दौरान मौत हो गई है। उन्होंने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसे परिजनों के हवाले सौंप दिया है। जल्द ही आरोपी लोगों को काबू कर लिया जाएगा।*

# यूपी में चल रहे भ्रूणलिंग जांच के खेल का पर्दाफाश

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दलाल पकडा, दलाल ने भ्रूण की जांच कराना स्वीकारा, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

**पानीपत।** पानीपत की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यूपी में अवैध तरीके से चल रहे भ्रूण लिंग जांच के खेल का पर्दाफाशकिया है। टीम ने पानीपत के राणा माजरा निवासी दलाल को ट्रैप लगाकर पकड़ा है। उसके कब्जे से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के एक निजी अस्पताल की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट जब्त की गई। वहीं, सनौली थाना पुलिस को दी शिकायत में पीएनडीटी नोडल ऑफिसर डॉ. पवन कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली थी कि पानीपत जिला और इसके आस-पास के क्षेत्रों में अवैध रूप से भ्रूण लिंग जांच किया एवं करवाया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए यूपी में ले जाया जाता है। इससे पानीपत का लिंगानुपात प्रभावित हो रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर भ्रूण लिंग जांच के लिए सूचना देने वाले के माध्यम से दलाल अमजद निवासी राणा माजरा से 20 हजार में सौदा तय हुआ। पांच जनवरी को टीम का गठन किया गया। इसके बाद 12 सप्ताह की एक गर्भवती महिला से टीम ने संपर्क किया। उसकी सहमति पर 8 जनवरी को सूचना देने वाले माध्यम से अमजद से संपर्क किया गया। अमजद, गर्भवती महिला को अपनी गाड़ी में बैठा कर यूपी के मुजफ्फरनगर ले गया। टीम ने उसका यहां तक पीछा किया। लेकिन यहां जाम में गाड़ी फंसने की वजह अमजद की गाड़ी टीम की आंखों से ओझल हो गई। महिला से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। काफी इंतजार के बाद पता लगा कि लिंग जांच करवाने के बाद वे वापस पानीपत की ओर रवाना हो चुके हैं। टीम ने सनौली नाका पर आपसी तालमेल के जरिए अमजद की गाड़ी को रूकवाया। जहां से टीम ने अमजद के कब्जे से वशिष्ठ अस्पताल मुजफ्फरनगर की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट ली। दलाल अमजद को भ्रूण लिंग जांच के बारे में पूछा गया तो उसने स्वीकार किया कि उसने खुद महिला को उसके गर्भ में पल रहे भ्रूण का लिंग लड़की बताया है। वहीं पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पानीपत: बबैल में नवदंपती की संदिग्ध हालत में मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव बबैल में नवविवाहित 24 वर्षीय गुरमीत व इसकी 22 वर्षीय पत्नी तन्नू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों सोमवार की रात को अपने कमरे में सोए थे। मंगलवार की सुबह दोनों कमरे में मृत मिले। वहीं परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही गांव की शमशान भूमि में गुरमीत व तन्नू की अंत्येष्टि की दी। पुलिस की जांच में पता चला कि गत वर्ष 21 नवंबर को गुरमीत निवासी गांव बबैल का विवाह तन्नू निवासी गांव रामनगर जिला पानीपत के साथ हुआ था। परिजनों व मायके वालों का दावा है कि दोनों का दांपत्य जीवन पूरी तरह से सुखी था। वहीं गुरमीत के पिता कृष्ण का निधन हो गया था और सोमवार को उनकी तेहरवीं थी। रिश्तेदारों के जाने के बाद गुरमीत व उसकी पत्नी तन्नू अपने कमरे में सोने चले गए, जबकि अन्य परिजन भी सो गए। मंगलवार की सुबह जब गुरमीत व तन्नू कमरे से बाहर नहीं निकले तो परिजनों ने दरबाजा खटखटाया, लेकिन अंदर कोई हलचल नहीं थी, अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने दरबाजा तोड दिया, बैड पर गुरमीत व तन्नू मृत हालत में पडे मिले। इधर, गांव के सरपंच विक्की का दावा है कि सर्दी अधिक होने के चलते गुरमीत व तन्नू ने अपने कमरे में अंगीठी जला रखी थी और कमरे में हवा की क्रासिंग नहीं होने के चलते दोनों की दम घुटने से मौत हो गई।

# आरोपियों से कार, देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, दो तलवारें बरामद

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने लूट व चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपियों साहिल पुत्र राजा निवासी डालमवाला जीन्द, अर्जुन पुत्र अमित निवासी महावीर कॉलोनी हिसार, रिंकू पुत्र बलमत निवासी सेरडा हिसार व भोलू पुत्र कुवर निवासी खरबला हिसार को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों से लूट की दो व वाहनों से बैटरी चोरी की 17 वारदातों का खुलासा हुआ। आरोपी पीछले डेढ़ साल से वारदातों को अंजाम देने में सक्रिय थे। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त 1 बलेनो कार, 1 देसी पिस्टल, 2 जिंदा रौंद व 2 तलवार बरामद की है। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने मंगलवार को सीआईए वन स्टाफ में प्रेसवार्ता में उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि गिरोह का सरगना आरोपी साहिल है। आरोपी साहिल व रिंकू का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है।

## व्हाट्सएप नंबर जारी कर बेसहारा पशुओं का फोटो व लोकेशन भेजने के लिए लोगों से की अपील

सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं के कारण हर दिन हो रहे हादसे

# शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए हरकत में आया नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर के निगम कार्यालय में गोशाला प्रबंधकों व अधिकारियों की बैठक लेते निगम आयुक्त आयुष सिन्हा।

शहर में घुम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए नगर निगम हरकत में आया है। नगर निगम अधिकारियों ने व्हाट्सएप नंबर जारी कर लोगों को बेसहारा पशुओं को फोटो व लोकेशन भेजने कि अपील की है। शहर में घुम रहे आवारा पशुओं के कारण हर दिन हादसे हो रहे है। शहरवासी निगम अधिकारियों से आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए कई बार अपील कर चुके हैं।

मंगलवार को नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने गोशाला प्रबंधकों व पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने गोशाला प्रबंधकों को निर्देश दिए कि निगम द्वारा पकड़कर गोशालाओं में छोड़े जा रहे बेसहारा पशुओं की देखरेख सही तरीके से हो। उन्होंने दोनों सीएसआई व पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के साथ टैग लगाना सुनिश्चित करें। ताकि उनकी अलग पहचान हो और गोशाला प्रबंधन उन्हें दोबारा न छोड़ सके। सिन्हा ने कहा कि शहर में घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़ने के लिए नगर निगम ने अभियान चलाया हुआ है। नगर निगम क्षेत्र में घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़कर गोशालाओं में छोड़ा जा रहा है। चारे के लिए नगर निगम द्वारा गोशाला संचालकों को प्रतिदिन 30 रुपये प्रति पशु के हिसाब से खर्च दिया जाता है। ताकि गोशाला में इन पशुओं के लिए चारे की समस्या न हो। यह कार्य कर नगर निगम बेसहारा पशुओं को सहारा देने का काम कर रहा है। बीते दो माह में नगर निगम द्वारा काफी संख्या में शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशाला पहुंचाया है। जब तक शहर बेसहारा पशुओं से मुक्त नहीं हो जाता, यह अभियान जारी रहेगा। शहर को बेसहारा पशुओं से मुक्त बनाने के लिए शहरवासी भी सहयोग करें। नगर निगम क्षेत्र में यदि किसी को कोई बेसहारा पशु घूमता दिखाई दे तो उसकी फोटो खींचकर लोकेशन या पते के साथ नगर निगम के व्हाट्सएप नंबर 7082410524 पर भेजे।

### दुधारू पशु खुले में छोड़ा तो होगा 5100 रुपये जुर्माना

निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि कुछ लोग अपने पशुओं को खुले में छोड़ देते है। इनमें दुधारू पशु भी होते है। अब यदि किसी ने भी अपने पशुओं को खुले में छोड़ा तो उसपर जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी ने अपने पशु को शहर में खुले में छोड़ा और उस पशु को नगर निगम द्वारा पकड़कर गोशाला में पहुंचा दिया तो उसे छुड़ाने के लिए 5100 रुपये जुर्माना। इसके अलावा जितने दिन वह पशु गोशाला में रहेगा। प्रतिदिन 300 रुपये के हिसाब से पशु मालिक को देना पड़ेगा। निगमायुक्त ने आमजन से अपील की कि वह अपने पशुओं को खुले में न छोड़े। इसके साथ उन्होंने निगम द्वारा पकड़े जा रहे पशुओं को भी टैग लगाने के पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

# पटवारियों की हड़ताल बनी मुसीबत

## 300 से ज्यादा इंतकालों का लगा अंबार, कई तरह के काम पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

- हड़ताल की वजह से रोज लोगों को तहसीलों में खाने पड़ रहे हैं धक्के
- सरकार को राजस्व की हानि हो रही
- पुराना रिकॉर्ड चेक करवाने के लिए आने वाले लोग भी परेशान

पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल के कारण हालात बिगड़ रहे हैं। लोगों को इंतकाल की नकल, बैंक लोन के लिए 15 साल का रिकॉर्ड न मिलने और जमाबंदी पर पटवारी के हस्ताक्षर न होने से रजिस्ट्री तक नहीं हो पा रही। हड़ताल के कारण रजिस्ट्रियां होने की दर एक तिहाई रह गई है। इसके कारण सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। 1 फरवरी से गिरदावरी भी शुरू होनी है। अगर हड़ताल जारी रही तो गिरदावरी भी बाधित हो सकती है। जिससे किसानों को फसल बेचने में भी परेशानी होगी। किसान राजपाल और मदन लाल ने बताया कि वह प्लास्टिक की तिरपाल लगाकर सब्जी की खेती करते हैं। फसल का पंजीकरण करवाया हुआ है। अब कृषि विभाग से सब्सिडी लेने के लिए पटवारी से वेरिफिकेशन करानी है। पटवारी रिपोर्ट देगा तो सब्सिडी मिलेगी। उन्होंने बताया कि वह हर रोज इस उम्मीद पर तहसील कार्यालय आते हैं कि शायद पटवारी मिल जाए लेकिन कमरे पर ताला लटका है।

पटवारियों व कानूनगो की खाली कुर्सी से काम ठप जमाबंदी पर हस्ताक्षर न होने से नहीं हो रही रजिस्ट्री 70 साल के बुजुर्ग बलबीर सिंह ने डेरा मौजा में 7 मरले जमीन पंचकूला के विक्रम सिंह को बेची हुई है। बुजुर्ग ने पैसे भी वसूल कर लिए। रजिस्ट्री लिखी जा चुकी है, लेकिन जमाबंदी पर पटवारी के हस्ताक्षर नहीं हुए। इसके कारण रजिस्ट्री नहीं हो सकी। पटवारियों के हड़ताल पर जाने की वजह से बहुत से सरकारी काम रुके हुए हैं। पटवारियों व कानूनगो की कुर्सी खाली होने से जिले में करीब 300 इंतकाल पेंडिंग पड़े हैं। रिहायशी प्रमाण पत्र के लिए हर रोज जिले के पटवारियों के पास करीब लोग पहुंचते रहे। लोन अपडेट के लिए करीब लोग धक्के खा रहे हैं। फर्द की कॉपी निकलवाने के लिए अब लोग मुसीबत में हैं। पुराना रिकॉर्ड चेक करवाने के लिए आने वाले लोग भी परेशान हैं। तहसील में सीमांकन, नामांतरण, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, बंटवारा, नामांतरण, जमाबंदी सत्यापित, नकल सत्यापित, इंतकाल, गिरदावरी, फील्ड बुक, मौका तस्दीक, रिकॉर्ड में लोन चढ़ाने और उतारने का कार्य पटवारी कराते हैं।

## खबर संक्षेप



हिसार। डायरेक्टर संगीता आर्य मुख्य वक्ता कृष्ण सोनी को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित करते हुए

### अच्छी आदत से होता है अच्छे व्यक्ति का निर्माण

**बरवाला।** गांव खेदड़ में स्थित ऋषि वाणी लाइब्रेरी के प्रांगण में मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के रुप में लेक्चरर कृष्ण सोनी ने शिरकत की और संचालन डायरेक्टर संगीता आर्या ने किया। मुख्य वक्ता लेक्चरर कृष्ण सोनी ने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अच्छी आदत से ही अच्छी व्यक्ति का निर्माण होता है।

### हरियाणा की छोरियों ने जीता सिल्वर मेडल

**हिसार।** दमनद्वीप में आयोजित नेशनल बीच गेम में टैग ऑफ वॉर खेल में हरियाणा के लड़कों और लडकियों 20 बच्चो ने भाग लिया। इसमें लड़कियां की टीम में रिंकी कलीरावणा, मुस्कान, मनीषा, पिंकी मान, पूजा, प्राची वर्मा, दीपिका, कमल, प्रियंका, दीपिका सिंह और लड़कों की टीम वंश, नसीब सिंह, अजय सिंह, अनूप, आकाश, बंटी, रवि कुमार, साहिल, रचित, अमित दहिया ने हिस्सा लिया। हरियाणा की लड़कियों ने अच्छा प्रदर्शन करके सिल्वर मेडल पर कब्जा किया।

### किसानों ने मनाई सर छोटूराम की पुण्यतिथि

**हिसार।** जिलेभर के किसानों ने मंगाली गांव में एकत्रित हो दीनबंधु सर छोटू राम की पुण्यतिथि मनाई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि राजस्थान के भादरा के पूर्व विधायक बलवान पूनिया रहे। क्षेत्र के सैंकड़ो किसान छोटूराम की पुण्यतिथि मनाने पहुंचे। भादरा से पूर्व विधायक पूनिया ने किसानो को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के हकों के लिए छोटूराम हमेशा आगे रहे।



हिसार। मानव इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के चयनित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### नौ विद्यार्थियों का कंपनी में चयन

**हिसार।** मंगलवार को जेवरा स्थित मानव इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कंपनी की तरफ से एमडी रमेश मेहता और डॉक्टर जितेंद्र विद्यार्थियों का साक्षात्कार लेने आए हुए थे। इंस्टिट्यूट से बीफार्मसी और डीफामेर्सी करने वाले विद्यार्थियों के साक्षात्कार के आधार पर कंपनी ने 9 विद्यार्थियों का चयन किया गया।


# संघ विचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी के नाम पर जीजेयू में स्थापित होगी चेयर पीठ : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में संघ विचारक व अर्थशास्त्री दत्तोपंत ठेंगड़ी के नाम पर एक प्रेरणा स्त्रोत आसन (चेयर) की स्थापना की जाएगी। इस चेयर का उद्देश्य महान विचारक ठेंगड़ी के जीवन कार्यों तथा उनकी शिक्षाओं पर शोध कार्य कर उन्हें नई पीढ़ी से अवगत कराना होगा। ठेंगड़ी से नामित एक शोध निधि (रिसर्च फंड) बनाई जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने मंगलवार को बताया कि दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन से जुड़ा सम्पूर्ण साहित्य विश्वविद्यालय में उपलब्ध करवाया जाएगा जिससे अर्थशास्त्र के क्षेत्र में शोध कर रहे विद्वानों और भविष्य के उभरते हुए अर्थशास्त्रियों को शोध की नई दिशा मिलेगी। महान अर्थशास्त्री, राष्ट्र ऋषि दतोपंत ठेंगड़ी के राष्ट्रवादी आर्थिक चिंतन से विकसित भारत की अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए मार्ग प्रशस्त होगा और यहां के शोधार्थी अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे और गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय इसमें अपना भरपूर सहयोग देगा। विश्वविद्यालय के इस कदम से विकसित भारत 2047 अभियान में आर्थिक मोर्चे पर युवाओं की भागीदारी को उचित दिशा मिलेगी। कुलपति प्रो. बिश्नोई ने बताया कि दत्तोपंत ठेंगड़ी महान अर्थशास्त्री, एक दूरदर्शी विद्वान और जनचेतना के शिल्पकार (सृष्टा भी और दृष्टा भी) थे, जिन्होंने कड़े विरोध का सामना करते हुए भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, स्वदेशी जागरण मंच जैसे जन संगठन बनाए, समकालीन राजनैतिक परिवेश के विरुद्ध काम किया और इसे अपनी अंतदृष्टि के अनुसार ढाला।

### कौन थे दत्तोपंत ठेंगड़ी

10 नवंबर, 1920 को महाराष्ट्र के अरवी में जन्मे दत्तोपंत ठेंगड़ी एक प्रमुख आरएसएस प्रचारक थे, जिन्होंने पहले केरल और बाद में बंगाल में काम किया। उन्होंने एकनाथ रानाडे, एचवी शेषाद्रि, भाऊराव देवरस, नाना पालकर और नानाजी देशमुख के साथ मिलकर संघ के दर्शन को आकार दिया। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के लिए भी काम किया और आदिम जाति संघ का गठन किया। वे दो कार्यकाल 1964-1976 तक राज्य सभा के सदस्य रहे। 1990 के दशक में, जब देश ने अपनी अर्थव्यवस्था को खोलने का फैसला किया, तो उन्होंने राष्ट्रवादी आर्थिक दर्शन को लगातार प्रासंगिक बनाए रखने के लिए स्वदेशी जागरण मंच की स्थापना की। वर्ष 2021 में, केंद्रीय दूरसंचार, आईटी और रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस महान अर्थशास्त्री, राष्ट्रऋषि, विचारक पर एक डाक टिकट जारी किया।



दत्तोपंत ठेंगड़ी (फाइल फोटो)

## पैलेस में युवा राष्ट्रीय सनातन महासंघ की बैठक का आयोजन

# युवा ही राष्ट्र का नवनिर्माण करेंगे : स्वामी धर्मदेव

सनातन धर्म के पांच उद्देश्यों को लेकर राष्ट्रीय सनातन महासंघ का निर्माण किया

- राष्ट्रीय सनातन महासंघ की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

राजकीय महाविद्यालय रोड पर एक पैलेस में युवा राष्ट्रीय सनातन महासंघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भगत धन्ना सेवा समिति की प्रधान गायत्री देवी ने की। बैठक में महासंघ के संस्थापक महामंडलेश्वर धर्मदेव महाराज ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की।

बैठक को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज ने कहा कि युवा ही राष्ट्र का नवनिर्माण करेंगे। युवा ही देश की दिशा और दशा बदल सकते हैं। युवाओं में इतनी शक्ति है कि जो राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए अपना जीवन बलिदान कर सकते हैं। स्वामी धर्मदेव ने कहा कि सनातन धर्म के पांच उद्देश्यों को लेकर राष्ट्रीय सनातन महासंघ का निर्माण किया गया है जिसका पहला अधिवेशन हिसार में आयोजित किया गया था और इसके उपरांत महासंघ ने पूरे भारतवर्ष में शहरों और गांव में नशा मुक्ति अभियान, मातृ-पितृ सम्मान, देशभक्ति भावना, असहाय का सहयोग, दृढ़ अनुशासन पर चलने के लिए अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष गायत्री देवी ने कहा कि युवा इस देश का भविष्य है और युवा बदलेगा तो देश बदलेगा। गायत्री ने कहा कि युवाओं को स्वामी जी के बताये मार्ग पर चलना चाहिए और उनके द्वारा दिये गए पंचसूत्रीय उद्देश्य पर चल कर नशा मुक्त समाज बनाने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

बैठक में बलकेश प्रधान नेहरू कॉलेज, नरेंद्र, गजेंद्र, सुरेश, अंकित, विक्रम, अजय, अनिल, विशाल, कुलदीप, सुंदर, मोनू, केशव, चंद्रभान, कमलेश, बिमला, संतरों, कृष्णा, मनदीप, मोहित, आलोक, प्रवीण, प्रदीप साहिल, गौतम, लव, कुश, संदीप, अमित, ममता, योगेश, मंजू, मनदीप, जोगिंद्र पातड़ और कृष्णा सहित काफी संख्या में युवा मौजूद रहे।



हांसी। मीटिंग में उपस्थित स्वामी धर्मदेव, भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष गायत्री देवी व अन्य।



हिसार। प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर उपस्थित अतिथि व प्रतिभागी।

## कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज मंडी ▶▶ आदमपुर

हरियाणा सरकार के मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के तहत राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आदमपुर में शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को खंड स्तर पर दिए जाने वाले प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हुआ।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 700 कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी भाग सिंह मलिक व हंसराज ने बताया कि यह प्रशिक्षण राज्य सरकार द्वारा मिशन कर्मयोगी अभियान के तहत शुरू किया गया था।

विद्यालय की प्राचार्या अंजूबाला गर्ग ने बताया कि एमटी पूनम शर्मा, रमेश चंद्र, विकास कुमार व राजकुमार ने बहुत ही अच्छे ढंग से सभी कर्मचारियों को कर्मयोगी बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के समापन पर संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सभी कर्मचारियों का कौशल के साथ साथ ईमानदार और निष्ठावान बनाने के लिए यह कर्मयोगी प्रशिक्षण दिया गया है।

## मोठ व माजरा में निकाली अक्षत कलश यात्रा

**नारनौंद।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस ऐतिहासिक पल को विश्व के हर घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या से पूजित अक्षत कलश आए हुए हैं जो देश के हर गांव तक पहुंच रहे हैं। इसी कार्यक्रम आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को गांव माजरा के रामभक्त हरपाल दांगी, डॉ. राजवीर, दीपक पंडित, धर्मवीर शास्त्री, डॉक्टर रणधीर, मन्नू जोगी, प्रवीण पटवारी, जयराम कौशिक, जगदीश, विनोद पंडित, दीपक मोहन, काला दलाल, बिरमती, सावत्री, रीना, मुकेश देवी, मूर्ति, अर्चना, कपूरी, मंजू व रेखा आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों द्वारा पूजित क्लश को गांव मोठ के बाबा सुरतगिरी मंदिर से नाचते गाते माजरा गांव में शोभायात्रा निकाल कर मंदिर में स्थापित किये गए। राखी खंड की ग्रामीण इकाई के संयोजक अरविंद ठाकुर मोठ ने बताया कि राखी खण्ड में 29 गांव आते हैं। हरपाल ढांगी नंबरदार ने बताया कि गांव मोठ रागड़ान में भी बड़े ही धूमधाम से गांव की परिक्रमा करके शब्दवाणी गाकर माताओं बहनों द्वारा श्री गुरुद्वारा साहिब में पवित्र अक्षत कलश को स्थापित किया गया है।



## सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बालसमंद रोड़ आर्यनगर स्थित सिटी कालेज ऑफ एजुकेशन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प अनुसार कार्यक्रमों की कड़ी में कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी विकसित भारत की कल्पना को पोस्टर मेंकिग व चित्रकला द्वारा उकेरने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम को अधिक रोचक क्रियाशील व तथ्यपरक बनाने में संस्थान की प्राध्यापिकाओं दीपा यादव, पूनमदेवी, ज्योती रानी, किरण देवी व पिकी रानी आदि का विशेष योगदान रहा। कॉलेज के निदेशक महावीर सिंह पूनिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि समाज का हर की विशेषकर युवा अपने-अपने कर्तव्य का ईमानदारी व निष्ठा से निर्वहन करते हुए भारत को वर्ष 2047 तक भारत के प्रधानमंत्री मोदी के सपनों का भारत बनाने मे योगदान दे सकते हैं।



हिसार। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

# चयनित छात्रों को डीईओ ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हरियाणा प्रतिभा खोज के तहत खंड स्तरीय बुनियाद व सुपर 100 जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत एचसीएस अधिकारी खंड विकास एंव पंचायत अधिकारी राहुल श्योकंद व खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अर्जुन देव, बुनियाद केंद्र प्रभारी बलराज ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिहाग ने कार्यक्रम में सुपर 100 व बुनियाद के तहत चयनित छात्रों व उनके अभिभावको को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद डीईओ को खंड उकलाना के सरकारी व प्राइवेट स्कूल संचालकों ने उनकी बेहतरीन सेवा के लिए सम्मानित किया। इस मौके पर आरडीएम ग्रुप के अध्यक्ष कृष्ण शर्मा, प्राइवेट स्कूल संघ के पूर्व अध्यक्ष रवि बिश्नोई, डीएसपीएस नरेंद्र भाटिया, डीएमएस संदीप संधु, विकल्प फाउंडेशन से यसदेव संधु, हेमंत कुमार एसीआई, मास्टर अनुप धतरवाल, एबीआरसी सुरेन्द्र कुमार, रंजूबाला, मंजूरानी, सजय धतरवाल, रवि बिश्नोई, संजय गुप्ता, के सी शर्मा, डॉ. दूनीचंद वर्मा, प्रवक्ता सत्यनारायण, सुमीत पातड़, प्रवीन नैन, डॉ सुरेश कुमार, रेनू रानी, सुमन रानी सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



उकलाना। विद्यार्थियों को सम्मानित करते डीईओ कुलदीप सिहाग व अन्य।



### 12 छात्राओं को वरुण बेवरेजेज लिमिटेड में मिली प्लेसमेंट

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल की ओर से हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस विभाग के सहयोग से आयोजित वरुण बेवरेजेज लिमिटेड के ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय की 12 छात्राओं का चयन किया गया है। चयनित विद्यार्थी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से मिले। कुलपति ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। सहायक निदेशक डॉ. आदित्यवीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में 2024 पासिंग आउट बैच एमबीए जनरल की दीक्षा, यशिका, अमीषा बूरा, प्रिया, रितु जांगड़ा, सेविका ढकाल, एमबीए फाइनेंस की वर्षा कुमारी, रिया गुप्ता, जाहन्वी गोयल, एमबीए मार्केटिंग की मोनिका, रीतू व एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स की रिद्धि बंसल शामिल हैं। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन एमबीए मार्केटिंग की कविता ने किया।

### दुर्घटनाओं से बचने के लिए पुलिस ने वाहनों के पीछे लगाए रिफ्लेक्टर टेप

**हांसी।** धुंध व कोहरे के समय में विजिबिलिटी कम होने के कारण सड़कों पर दुर्घटनाओं के बढ़ने की आशंका के मद्देनजर पुलिस जिला क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्रालियों, छोटे-बड़े व कॉमर्शियल वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने जाने को लेकर चलाया जा रहा विशेष अभियान मंगलवार को भी जारी रहा।

यातायात थाना प्रभारी पवित्र कुमार ने बताया कि सर्दी के मौसम में पड़ने वाली धुंध व कोहरे की वजह से सड़क पर विजिबिलिटी बहुत कम हो जाती है जिसके कारण कई बार वाहन चालकों को सड़क पर आगे चल रहे वाहन नजर नहीं आते हैं और वाहनों की आपसी टक्कर से हादसे हो जाते हैं। इसी टक्कर से बचाव के लिए हांसी ट्रैफिक पुलिस द्वारा ट्रैक्टर ट्रालियों, छोटे-बड़े व कॉमर्शियल वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए जा रहे हैं

## महामंडलेश्वर साध्वी शक्ति पुरी बनेंगी प्राण प्रतिष्ठा समारोह की साक्षी

**बरवाला।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस ऐतिहासिक पल को विश्व के हर घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या से पूजित अक्षत कलश आए हुए हैं। अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कार सेवकों और अग्रणी समाजसेवियों और महात्माओं को निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी शक्ति पुरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण पत्र भेजा गया है। बाबा इच्छा पूरी डेरा मतलोढा साध्वी शक्ति पुरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनने के लिए निमंत्रण पत्र भेजा गया है। श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी शक्ति पुरी ने कहा कि राम मंदिर का उद्घाटन हमारे लिए गर्व का विषय है। जो लोग इस अवसर पर 22 जनवरी को अयोध्या नहीं पहुंच सकते वे अपने घरों में दीप जलाकर खुशी मनाए।



बरवाला। श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी शक्ति पुरी

## कड़ाके की ठंड में संयुक्त किसान मोर्चा का धरना सातवें दिन भी जारी

**हिसार।** संयुक्त किसान मोर्चा हिसार का अनिश्चित कालीन धरना आज सातवें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता स्वतंत्रता सेनानी परिवार से रामफल लाडवा व रामवीर न्योली ने की और संचालन किसान नेता सोमवीर चौधरीवास व राजू खरड़ ने संयुक्त रूप से किया। आज के धरने की शुरूआत रहबरे आजम दीनबंधु चौधरी छोटू राम की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करके की गई। किसान नेताओं प्रवीण सावंत, श्रद्धानंद राजली, सुरेंद्र मान, श्रवण असरावां, जोगिंदर स्याहड़वा, बलवान लोहान, शमशेर पंडित, मोनू नियाणा, हवा सिंह खरब, बलवीर सरपंच आदि नेताओं ने अपने संबोधन में बताया कि चौधरी छोटू राम किसान और कमरे वर्ग के मसीहा थे और उन्होंने अपने जीवन काल में किसानों के लिए बहुत से कार्य किये। कैबिनेट मंत्री के रूप में उन्होंने किसान और कमेरे के लिए अनेकों बढ़िया कानून बनाए जिससे किसान कमेरे को फायदा पहुंचा लेकिन आज की केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार जोकि वाजिब मांगों को मानने के लिए भी तैयार नहीं है।



हिसार। सर छोटूराम को मार्ल्यापण करते किसान। फोटो : हरिभूमि

## एचएसआईआईडीसी कार्यालय खानक के बाहर धरना देने की चेतावनी

# क्रेशर संचालकों का धरना आज, सौंपा ज्ञापन

- खानक माइंस में तीन महीने से बंद पड़े खनन को सुचारु रुप से न चलाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

खानक में क्रेशर का व्यवसाय करने वाले क्रेशर मालिकों ने एचएसआईआईडीसी खानक के प्रोजेक्ट मैनेजर को ज्ञापन देकर पिछले 3 महीने से खनन माइंस में बंद पड़े खनन कार्य को सुचारू रूप से चलाने का अनुरोध किया है। साथ ही उन्होंने खनन कार्य सुचारू नहीं होने पर 10 जनवरी को धरना देने की भी बात कही।

क्रेशर स्वामियों रमेश कुमार, राजेश मेहता, सुनील, राजीव, जयसिंह, जयप्रकाश, नरेश जैन, हरीश छाबड़ा, भीष्म मेहता, प्रदीप कुमार आदि ने अपने ज्ञापन में कहा है कि हम सभी क्रेशर मालिक खनक माइंस में से एचएसआईआईडीसी से पत्थर खरीदते हैं। एचएसआईआईडीसी द्वारा खानक माइंस में पिछले 3 महीने से खनन कार्य बंद कर दिया है, जिसका कोई भी औपचारिक रूप से कारण नहीं बताया गया और ने ही कोई सूचना दी गई कि खनन कब शुरू किया जाएगा। क्रेशर स्वामियों ने अनुरोध किया है कि खनक माइंस में बंद पड़े खनन को जल्दी से जल्दी शुरू किया जाए।

पिछले 3 महीने में उनका व्यापार में काफी नुकसान हुआ है तथा सरकार को भी राजस्व का भारी क्षति हुई है। 6 जनवरी को बोली में पत्थर खरीदने के बाद भी हमें पत्थर नहीं मिल रहा है। क्रेशर स्वामियों ने चेतावनी दी है कि बुधवार से खनन कार्य शुरू नहीं किया गया तो वह एचएसआईआईडीसी कार्यालय खानक के बाहर धरना देंगे।



हिसार। प्रोजेक्ट मैनेजर को ज्ञापन देते हुए खानक के क्रेशर मालिक।

- 6 जनवरी को बोली में पत्थर खरीदने के बाद भी हमें पत्थर नहीं मिल रहा



हिसार। दीप प्रज्जलवित करते कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल में एक दिवसीय कैरियर सेमिनार आयोजित

**हिसार।** महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल में बच्चों को कॅरियर बनाने के लिए शिक्षा व करियर विषय पर एक दिवसीय सेमिनार व लक्की कूपन ड्रॉ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित से किया गया। इस सेमिनार का विषय बोर्ड की परीक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी, बेहतर करियर व अपने लक्ष्य को कैसे चुने पर आधारित था। इस मौके पर मुख्य वक्ता के तौर पर मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. दिनेश नागपाल ने बच्चों को 10वीं के बाद करियर चुनने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि भारत भूषण प्रधान ने शिरकत की। इस अवसर पर कॉलेज की निर्देशिका डॉ. नीलम प्रभा, स्कूल की प्राचार्य डॉ. सरिता शर्मा, स्कूल के प्रबंधक अजीज प्रधान, डॉ. शमीश शर्मा समेम अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, सुनीता पत्नी स्वर्गीय श्री ईश्वर, निवासी गांव खेदड़, तहसील बरवाला, जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरा पुत्र अमित उर्फ शिल्लू व उसकी पत्नी ज्योति मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, महा सिंह पुत्र श्री दिवान निवासी गांव सिसर तहसील नारनौंद जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र संदीप कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सन्नी नरवाल पुत्र श्री सतबीर निवासी रिन्ढाना तहसील गोहाना जिला सोनीपत, हरियाणा बयान करता हूं कि पहले सभी दस्तावेजों, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, मार्कशीट आदि में मेरा नाम सन्नी (Sunny) था। अब मैंने आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड आदि सभी दस्तावेजों में अपना नाम बदलकर सन्नी नरवाल (Sunny Narwal) करवा लिया है। भविष्य में मुझे (Sunny) की जगह सन्नी नरवाल (Sunny Narwal) के नाम से जाना जाए।

## खबर संक्षेप

### गोपुत्र सेना ने गोवंश से भरी गाड़ी पकड़ी

**हिसार।** गोपुत्र सेना अग्रोहा टीम ने देर रात 10 गोवंश से भरी आयशर गाड़ी पकड़कर पुलिस को सौंपी। गोपुत्र सेना सदस्य अग्रोहा के सदस्य संजय कांगड़ा ने बताया कि वह साथी जोगेंद्र के साथ अग्रोहा से हिसार की तरफ जा रहा था तब एक नीला तिरपाल लगा हुआ ट्रक जाते हुए दिखाई दिया। शक होने पर इसकी सूचना पुलिस को दी। गाड़ी चालक को इशारा करने पर चिकनवास गांव के पास रोक लिया। गाड़ी में बैलों को ठूंस-ठूंसकर भरा हुआ था।

### जनता भाजपा-जजपा को सत्ता से बाहर करेगी

**हिसार।** कांग्रेस के जिला प्रवक्ता एडवोकेट योगेश सिहाग ने दावा किया कि प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के कुशासन से जनता तंग आ चुकी है और इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में उसे सत्ता से बाहर करने के लिए वोट करेगी। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जब कांग्रेस सत्ता में थी तब विकास दर और प्रति व्यक्ति निवेश बेहतर हुआ था, इसके अलावा किसानों और गरीबों के कल्याण के लिए कई पहल की गई थीं।

### सुलखनी, महलसरा तथा मोठसरा में पहुंची यात्रा

**हिसार।** विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम के तहत गांव बिछपड़ी, सुलखनी, महलसरा तथा मोठसरा में जन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गांव बिछपड़ी में पूर्व विधायक वेद नारंग, महलसरा में वरिष्ठ नेता रणधीर पनिहार, सुलखनी में साधू राम जाखड़ तथा मोठसरा में जयवीर गिल ने ग्रामीणों से जनसंवाद किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर तहसीलदार रामनिवास भादू, बीडीपीओ कीर्ति सिरोहीवाल, यात्रा संयोजक श्याम सुंदर शर्मा, सीमा गोदारा आदि उपस्थित थे।

### चयन परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित

**हिसार।** भारतीय वायु सेना द्वारा अग्निवीर योजना के तहत चयन परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अग्निवीर (वायु सेना) प्रवेश परीक्षा 01/25 के लिए 17 जनवरी से 6 फरवरी तक अग्नि पथ की वेबसाइट पर पंजीकरण किया जा सकता है, जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च से आयोजित होगी। एक प्रवक्ता ने बताया कि अग्निवीर वायु के लिए 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 के बीच तक जन्म वाले प्रार्थी आवेदन कर सकते हैं।

### ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जिले में विभिन्न स्कीमों जैसे स्मैम, एनएफएसएम (तिलहन, दालें व गेहूं) के तहत कृषि यंत्रों/मशीनों पर अनुदान दिया जा रहा है। किसानों को यंत्रों/मशीनों पर अनुदान के लिए 15 जनवरी तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सहायक कृषि अभियंता गोपी राम सांगवान ने बताया कि कृषि यंत्र/मशीनों पर 40 से 50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान किया गया है।

# अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में कैंसर अस्पताल व ट्रामा सेंटर न बनने से जनता हो रही परेशान : गर्ग

- 120 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कैंसर अस्पताल को जनता के हित में तुरंत मंजूरी दी जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग ने कहा है कि महंगाई के युग में गरीब व्यक्ति निजी अस्पतालों में अपना इलाज करवाने की स्थिति में नहीं है। वर्तमान में कैंसर के रोगी लगातार बढ़ रहे हैं और ऐसी स्थिति में उन्हें सरकारी या मेडिकल कॉलेज में कैंसर अस्पताल की जरूरत होती है। ऐसे में सरकार को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में कैंसर अस्पताल की मंजूरी तुरंत देनी चाहिए।

बजरंग गर्ग मंगलवार को अग्रोहा धाम में वैश्य समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा में सरकार से बातचीत करके 120 करोड़ रुपये की लागत से कैंसर हॉस्पिटल बनाया जा रहा था।

कैंसर अस्पताल बनाने के लिए सम्मेलन करके अस्पताल की नींव तक रख दी गई थी मगर सरकार द्वारा कैंसर हॉस्पिटल बनाने की इजाजत न देने से अस्पताल बनाने का काम रुक गया। सरकार को अपने वादे के अनुसार अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में तुरंत प्रभाव से कैंसर हॉस्पिटल बनाने की मंजूरी देनी चाहिए।



हिसार। समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग।

### वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक

वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक में वैश्य समाज का राष्ट्र व प्रदेश स्तर पर विस्तार करने व 14 जनवरी को मकर संक्रांति के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति 14 जनवरी को अग्रोहा धाम में विशेष कार्यक्रम हवन-पूजन, भंडारा व कंबल वितरण का होगा। बैठक में दिनेश मोदी जयपुर, अर्जुन अग्रवाल, कमलेश बंसल, अंकित अग्रवाल, संदीप गर्ग पंजाब, अजय अग्रवाल, प्रतीक गर्ग, पवन गर्ग, ऋषि राज गर्ग, अनंत अग्रवाल बरवाला, चुड़िया राम गोयल, बजरंग असरावां आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

## माह के अंत तक रेंज के 100 गांवों को नशा मुक्त करने का लक्ष्य : श्रीकांत

# हिसार रेंज में पुलिस ने ड्रग मुक्त घोषित किए 15 गांव, पांच अन्य गांव भी होंगे ड्रग मुक्त

श्रीकांत जाधव ने बताया कि पुलिस विभाग की नशा मुक्ति अभियान से जुड़ी टीम ने डोर टू डोर सर्वे करके मंडल के 272 गांवों में 4390 लोगों की पहचान की है जो किसी न किसी प्रकार के नशे की गिरफ्त में है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हिसार रेंज पुलिस की ओर से अब तक 15 गांवों को ड्रग मुक्त घोषित किया गया है। इनमें 10 गांव फतेहाबाद के व पांच सिरसा जिले के हैं। एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने इस माह के अंत तक रेंज के 100 गांवों को नशा मुक्त घोषित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने मंगलवार को बताया कि 15 गांवों को ड्रग मुक्त घोषित किया गया है जिनमें 10 गांव जिला फतेहाबाद व पांच गांव सिरसा जिले के हैं। अब तक जिला सिरसा के गांव झोरड़नवाली, केलनिया, जांडवाला, जाटान, धनुर व गांव चामल तथा फतेहाबाद जिले के मताना, कुम्हारिया, भोडा होशनाक, खारिया, ढाणी ठोबा, बनावाली सोत्तर, सिरढान, गिल्लाखेड़ा, ढाणी खान मोहम्मद, ढाणी चान्न को ड्रग मुक्त गांव बना दिया गया है। इस कड़ी में रेंज पुलिस द्वारा सिरसा जिले के पांच अन्य गांवों फूलकां, मोचीवाली, बग्गूवाली, मौजूखेड़ा व नरेल खेड़ा को 12 जनवरी को ड्रग फ्री बना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेंज पुलिस की ड्रग फ्री अभियान से जुड़ी टीम 272 गांवों में काम कर रही है। यह टीम सभी गांवों में जाकर युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है। श्रीकांत जाधव ने बताया कि पुलिस विभाग की नशा मुक्ति अभियान से जुड़ी टीम ने डोर टू डोर सर्वे करके मंडल के 272 गांवों में 4390 लोगों की पहचान की है जो किसी न किसी प्रकार के नशे की गिरफ्त में है। जिला हिसार के 70 गांवों में डोर टू डोर सर्वे करके 1216 लोगों की पहचान की है जो किसी न किसी नशे को ले रहे हैं। हांसी के 38 गांवों के 482 युवाओं की पहचान की गई है जबकि जिला सिरसा के 32 गांवों के 498, पुलिस जिला डबवाली के 28 गांवों के 735, जिला फतेहाबाद के 53 गांवों के 853 व जिला जींद के 51 गांवों के 606 युवा चिन्हित किए गए है जो कोई न कोई नशा ले रहे है।



हिसार। नशा मुक्त अभियान से जुड़ने के लिए युवाओं को प्रेरित करते हुए एडीजीपी व नशा छोड़ने वाले युवाओं के परिजन एडीजीपी श्रीकांत जाधव का आभार जताते हुए। फोटो : हरिभूमि



हिसार। संध्या फेरी निकाली श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## छत्रपति शिवाजी स्मारक समिति ने निकाली संध्याफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

छत्रपति शिवाजी स्मारक समिति द्वारा अखंड श्रीरामलला वंदन के अंतर्गत सेक्टर-13 में अलग-अलग स्थानों से संध्याफेरी निकाली गई। संध्याफेरी में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर सियाराम- जय-जय राम का उद्घोष करके पूरे सेक्टर-13 को गुंजायमान कर दिया। अगले कुछ दिनों में सेक्टर 9-11, न्यू मॉडल टाउन एक्सटेंशन, तलाकी गेट, गीता कॉलोनी व हरि नगर में संध्याफेरी निकालकर अयोध्या के श्रीराम मंदिर के प्रति अलख जगाई जाएगी। संध्याफेरी के दौरान छत्रपति शिवाजी स्मारक समिति के अध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार ने बताया कि 14 दिसंबर से अखंड श्रीरामलला वंदन के रूप में हर रोज संध्याफेरी का आयोजन किया जा रहा है। श्रीराम की आराधना करते हुए संध्याफेरी का आयोजन 21 जनवरी तक चलेगा।

## सुरेंद्र प्रधान व जगदीश उपप्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

कमजोर वर्गों के हितों एवं अधिकारों को लेकर नारनौंद की धर्मशाला में पिछड़े वर्गों के प्रबुद्ध नागरिकों की आमसभा हुई। इसमें डीआईपीआरओ रिटायर्ड सुरेंद्र कुमार वर्मा कोथ को सर्वसम्मति से पिछड़ा वर्ग जागृति मंच का प्रधान चुना गया। इसके अलावा नवगठित मंच की कार्यकारिणी में जगदीश प्रजापति वरिष्ठ उपप्रधान, सुनेहरा जांगडा. उपप्रधान, जोगेन्द्र सिंह पनिहार सचिव, रमेश कुमार सोनी सह-सचिव, रामफल कोषाध्यक्ष, बलजीत सिंह संगठन सचिव, सुरेश सोनी मुख्य सलाहकार, बलवान सिंह जांगडा.सलाहकार, एडवोकेट सुनील पनिहार कानूनी सलाहकार, बदन सिंह आडिटर, अशोक कुमार रोहिल्ला प्रेस सचिव, सुभाष सोनी सह-प्रेस सचिव, शेरसिंह सह-कोषाध्यक्ष चुने गए।



नारनौंद। नव निर्वाचित कार्यकारिणी का फूलों की मालाओं से स्वागत करते हुए।

## स्वयंसेवकों को सुनाई स्वतंत्रता संग्राम की वीर गाथा

- नलवा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नलवा में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के समापन अवसर पर स्वयंसेवकों को स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा की भागीदारी, हिसार, हांसी तथा आसपास के गांवों में हुए विद्रोह, हमारे पूर्वजों द्वारा दिए गए बलिदान की गाथा का वर्णन विस्तार से समझाया गया। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता की भूमिका में दयानंद महाविद्यालय हिसार के इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह ने राष्ट्र के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक पक्ष पर चर्चा की। विशिष्ट अतिथि सरपंच सुशील कौशिक ने शिविर में सर्वश्रेष्ठ रहे हिमानी,राहुल तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता स्वयंसेवकों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुरेंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी अशोक वशिष्ठ, संदीप शर्मा, प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह,सहायक नवीन आर्य तथा सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



हिसार। श्रेष्ठ स्वयंसेवकों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि डॉ. महेंद्र सिंह व सरपंच नलवा सुशील कौशिक। फोटो : हरिभूमि

### ठंड के समय में सरकार के फैसले से किसानों को मिलेगी राहत : कैप्टन भूपेंद्र

**हिसार।** भाजपा के प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेंद्र ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के उस फैसले का स्वागत किया है, उसमें उन्होंने अत्यधिक ठंड को देखते हुए किसानों को दी जानी बिजली सप्लाई के समय में बदलाव का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इस फैसले से किसानों को भारी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री के फैसले का स्वागत करते हुए कैप्टन भूपेन्द्र ने मंगलवार को कहा कि इस समय ठंड बहुत अधिक पड़ रही है। हरियाणा सहित देश के कई राज्यों में कोल्ड वेव की स्थिति बनी हुई है। ऐसी सर्दी में भी किसान वर्ग कड़ी मेहनत कर रहा है और ठंड के समय में फसलों की सिंचाई करनी पड़ रही है। किसानों को ही रही परेशानी को देखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ट्यूबवेलों पर दी जाने वाली बिजली सप्लाई के समय में बदलाव किया है।

- किसानों को दी जानी बिजली सप्लाई के समय में बदलाव का निर्णय लिया



हिसार। अंशुल को सम्मानित करते कोच रोहतास कुमार व अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### कांस्य पदक विजेता अंशुल को सेल्फ डिफेंस सोसायटी ने किया सम्मानित

**हिसार।** मध्यप्रदेश के बैतूल में आयोजित 67वीं राष्ट्र स्तरीय ताइक्वांडो स्कूल खेल प्रतियोगिता में हिसार के छात्र अंशुल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर हरियाणा का मान बढ़ाया है। आर्यनगर पहुंचने पर अंशुल का भव्य स्वागत किया गया और सेल्फ डिफेंस सोसायटी के फाउंडर अंतरराष्ट्रीय कोच रोहतास कुमार ने उसे एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया।आर्यनगर में आयोजित सम्मान समारोह में कोच सूरज कुमार, सरपंच रतन सिंह, सेल्फ डिफेंस एकेडमी के टेक्नीकल एडवाइजर महेंद्र कुमार व अंशुल के पिता सुरेश कुमार सहित आदि उपस्थित रहे।

### छात्रा रिशा ने डीएवी स्कूल नेशनल प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल

**हिसार।** सेक्टर 16-17 स्थित सिटी बॉक्सिंग अकेडमी की छात्रा रिशा ने डीएवी स्कूल नेशनल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता है। रिशा डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की छात्रा है। सिटी बॉक्सिंग अकेडमी के कोच विकास इंदौरा ने मंगलवार को बताया कि सेक्टर 9-11 निवासी रणबीर सिंह की पुत्री रिशा इस समय डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की छात्रा है। हाल ही में करनाल की पुलिस अकेडमी में हुई, डीएवी स्कूल नेशनल प्रतियोगिता में रिशा ने सिल्वर मेडल जीता। कोच विकास इंदौरा ने बताया कि रिशा होनहार छात्रा है और अकेडमी में पूरी तन्मयता से प्रशिक्षण ले रही है।



हिसार। सिल्वर मेडल जीतने वाली छात्रा रिशा।

## अखिल भारतीय कुलपति क्रिकेट टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर लुवास टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लुवास की एंपलाइज क्रिकेट टीम ने राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय में आयोजित 19वें अखिल भारतीय कुलपति क्रिकेट टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। टीम ने तीसरे स्थान के मैच के लिए जम्मू विश्वविद्यालय को सात विकेट से जीतकर तीसरे स्थान की ट्रॉफी अपने नाम की। लुवास टीम ने विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा से शिष्टाचार भेट की और प्राप्त ट्रॉफी को विश्वविद्यालय को सौपा। कुलपति ने राष्ट्रीय मंच पर टीम के इस प्रदर्शन को सराहा। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) वर्मा ने कहा कि टीम के खिलाडियों द्वारा प्रदर्शित समर्पण, टीम वर्क और कौशल ने वास्तव में खेल कौशल और उत्कृष्टता की भावना का उदाहरण दिया है। इस दौरान कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. पवन कुमार, सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह बिढाण, टीम के कप्तान विकास खरब, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान दयानन्द सोनी व शिक्षक कर्मचारी संघ की प्रतिनिधि डॉ. अनीता दलाल उपस्थित रही।



हिसार। कुलपति सचिवालय में शिष्टाचार भेट के दौरान उपस्थित कुलपति, कुलसचिव, छात्र कल्याण निदेशक व खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## राखीगढ़ी के हड़प्ताकालीन स्थल को लेकर करेगा शोध

# वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन का दल भ्रमण पर आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राखीगढ़ी के प्रसिद्ध हड़प्पा पुरातात्विक स्थल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन का एक दल राखी गढ़ी के दो दिवसीय भ्रमण पर आया हुआ है। इस दल में तीन प्रोफेसर तथा 7 विद्यार्थी है, जोकि राखी गढ़ी साइट की खुदाई में मिली वस्तुएं, ग्रामीणों के रहन-सहन, दिनचर्या, हरियाणवी संस्कृति समेत अन्य जानकारियों जुटाएंगे और उन पर शोध करेंगे। दल का नेतृत्व कर रहे वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के स्कूल ऑफ फैशन के डीन प्रोफेसर देवेंद्र सिंह खर्ब ने बताया कि इस भ्रमण का आयोजन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फैशन द्वारा अपने पर्यावरण अध्ययन मॉड्यूल के हिस्से के रूप में किया गया है। दल का लक्ष्य राखीगढ़ी के आवास और परिस्थितिकी तंत्र की प्रत्यक्ष समझ प्राप्त करना और स्थानीय समुदाय और संस्कृति के बारे में अंतदृर्ष्टि प्राप्त करना है। प्रो. खर्ब ने कहा कि राखीगढ़ी एक पुरातात्विक आश्चर्य है, जो 4600-3300 ईसा पूर्व का है। यह एकमात्र स्थान है जहां पूर्व, मध्य और उत्तर हड़प्पा युग के अवशेष एक ही स्थान पर एकत्रित हुए हैं। यह जटिल संरचनाओं, सड़कों और जल निकासी प्रणालियों वाला एक शहरी केंद्र भी है। हालांकि, अपने विशाल ऐतिहासिक महत्व के बावजूद, राखीगढ़ी को अकसर नजरअंदाज किया जाता रहा है। इसने हमें अपने पर्यावरण अनुसंधान के लिए साइट चुनने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर छात्रा स्तुति मल्होत्रा और यति शर्मा ने कहा कि हम सभी इतने गहरे ऐतिहासिक महत्व वाले स्थल राखीगढ़ी का पता लगाने के लिए इस दौरे का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हमने सिंधु घाटी सभ्यता के बारे में बहुत कुछ सुना है और वास्तविक खंडहरों को देखना चाहते थे।



हिसार। राखी गढ़ी में खुदाई से मिली वस्तुओं को देखता दल। फोटो : हरिभूमि

### नप जेई पर हमला करने वाले तीन आरोपी काबू

**हांसी।** नगर परिषद के जेई सचिन शर्मा पर हमला करने के आरोप में शहर थाना पुलिस ने तीन आरोपितों को किया गिरफ्तार है। आरोपितों की पहचान पुलिस ने हिसार की अमरद्वीप कॉलोनी निवासी वीर सैन, शशि कांत और हिसार के पड़ाव निवासी रमेश के रूप में हुई है। बता दें कि आरोपितों ने पिछले बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे पुरानी कचहरी चौक के पास बाबा बंदा बहादुर समुदाय केंद्र के बाहर नगर परिषद के जेई सचिन शर्मा पर जानलेवा हमला किया था। शहर थाना पुलिस ने जेई सचिन की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जेई के साथ की गई मारपीट की घटना सामुदायिक केंद्र के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में मिली फूटेज के आधार पर गाड़ी का नंबर ट्रेस कर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपितों को कोर्ट में पेश किया।

### आप नेता राठी ने किया सरकार की आलोचना

**हिसार।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज राठी ने हरियाणा सरकार की शिक्षा विरोधी नीति की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि निजी माफियाओं के हाथों में खेल रही सरकार शिक्षा को गरीब व मध्यम वर्ग से दूर करना चाहती है और इसी के चलते हरियाणा में 832 स्कूलों को बंद करने की तैयारी हो चुकी है। यदि समय रहते सरकार के इस फैसले का विरोध नहीं किया गया तो प्रदेशभर में 7349 बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005